
Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# जनकल्याणकारी योजनाओं का किया जाए व्यापक प्रचार प्रसार

**निर्णय** ## जनपद स्तर पर भी सूचना तंत्र को किया जाए और मजबूत

- ग्राम पंचायत स्तर तक हो संचार माध्यमों की पहुंच
- जन उपयोगी निर्णय एवं लाभार्थियों का किया जाए डाटा तैयार

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सूचना विभाग के कार्य कलापों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि राज्य सरकार द्वारा जनहित में लिये गये निर्णयों, कल्याणकारी योजनाओं की आम आदमी तक पहुंच सुनिश्चित की जाए। इसमें सूचना के सभी प्रारूपों का बेहतर ढंग से समन्वय कर अविलम्ब कार्य योजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों तक जनोपयोगी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना विभाग का दायित्व है।

मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में रविवार को देर सांय सूचना विभाग के विभिन्न कार्य कलापों, योजनाओं, प्रचार प्रसार की भावी कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सूचना विभाग के जनपद स्तरीय कार्यालयों को और अधिक सक्षम एवं सुविधा सम्पन्न बनाया जाय। उन्होंने ग्राम पंचायत स्तर तक सूचना तंत्र की पहुंच आसान बनाये जाने के भी निर्देश दिये।



मुख्यमंत्री ने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के साथ बेहतर समन्वय बनाये जाने एवं समसामयिक समाचारों की त्वरित समीक्षा के साथ वस्तु स्थिति स्पष्ट करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। विभाग को जनता में सरकार के जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी पहुंचाने की जिम्मेदारी है, इस पर ध्यान दिया जाय।

महानिदेशक सूचना रणवीर सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री को विभाग द्वारा किये जाने वाले कार्यों, भावी योजनाओं आदि की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि विभाग सरकार एवं आम जनता के मध्य बेहतर समन्वय एवं योजनाओं के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु निर्देशानुसार प्रभावी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा शासकीय योजनाओं के प्रचार–प्रसार में सूचना तकनीकि के आधुनिक स्वरूपों का भी उपयोग किया जायेगा। इसकी विस्तृत कार्य योजना शीघ्र तैयार की जायेगी।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, अपर निदेशक डॉ. अनिल चंदोला, संयुक्त निदेशक आशीष त्रिपाठी, के.एस. चौहान, उप निदेशक नितिन उपाध्याय, रवि विजारनियॉं सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज डायरी

### आशा कार्यकत्रियो ने मानदेय सहित राज्य कर्मचारी घोषित करने की मांग

**संवाददाता** पुरोला। गत कई वर्षो से स्वास्थ्य विभाग में प्रोत्साहन राशि पर कार्य कर रही आशा कार्यकत्रियो ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर उन्हे निश्चित मानदेय देने सहित राज्य कर्मचारी घोषित करने की मांग की है। आशाओ ने दो सूत्रीय मांग को लेकर मंगलवार से कार्य बहिष्कार करने का निर्णय भी लिया है। विगत कई वर्षो से ग्रामीण स्वास्थ्य, जच्चा,बच्चा व अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमो में बिना मानदेय प्रोत्साहन राशि पर कार्य कर रही आशा कार्यकत्रि गत कई माह से मासिक मानदेय देने व राज्य कर्मचारी घोषित करने की मांग सरकार से कर रही है लेकिन प्रदेश सरकार द्वारा कोई भी सकारात्मक कार्रवाई न होने पर सोमवार को आशा कार्यकत्रि संगठन ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर कर अन्य राज्यो की भांति मानदेय देने व राज्य कर्मचारी घोषित करने की मांग की है।

### नन्हे बच्चे सावन हाथी का तीसरा बर्थडे धूमधाम से मनाया

**संवाददाता** रामनगर। कार्बेट नेशनल पार्क प्रशासन ने सोमवार को अपने प्यारे और नन्हे बच्चे सावन हाथी का तीसरा बर्थडे धूमधाम से मनाया। सावन का जन्मदिन मनाने के लिए खास तैयारियां की गई थीं। गुड़, ब्रेड, केले से तैयार 130 किलो का केक उसने खाया तो जंगल हैप्पी बर्थडे सावन की शुभकामनाओं से गूंज उठा। वन्य जीवों के संरक्षण के नजरिए से हर साल आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम की सराहना लोग जमकर कर रहे हैं। इस खूबसूरत पल का विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, बच्चे व वन्यजीव प्रेमी बने। वर्ष 2017 में कर्नाटक से कॉर्बेट नेशनल पार्क में नौ हाथी लाए गए थे।

### कैवेंडिश इंडस्ट्रीज लिमिटेड की पहली तिमाही में रहा 112 प्रतिशत की वृद्धि

**संवाददाता** हरिद्वार। जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड की सहयोगी कंपनी कैवेंडिश इंडस्ट्रीज लिमिटेड (कैवेंडिश) ने वित्त वर्ष 2021–22 की पहली तिमाही के लिए अपने ऑडिट पूर्व परिणाम की घोषणा कर दी। शुद्ध राजस्व वित्त वर्ष 2022 की पहली तिमाही में 687 करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2021 की पहली तिमाही के 324 करोड़ रुपये की तुलना में 112 प्रतिशत अधिक है। एबिटा वित्त वर्ष 2022 की पहली तिमाही में 57 करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2021 की पहली तिमाही के 14 करोड़ रुपये के मुकाबले तीन गुना से भी ज्यादा बढ़ा है। कंपनी के चेयरमैन डॉ. रघुपति सिंहानिया ने कहा, "हमने कोविड की दूसरी लहर और बढ़ती लागत की चुनौतियों वाले बाजार में अच्छा राजस्व और लाभदेयता हासिल करने के लिए प्रयास किए हैं।

## आशा वर्करों ने शुरू किया अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार

**संवाददाता** चम्पावत। विभिन्न मांगों को लेकर लंबे समय से आंदोलनरत आशा वर्कर्स ने अनिश्चितकालीन कार्यबहिष्कार शुरू कर दिया है। सोमवार को उन्होंने जिला मुख्यालय समेत तहसील मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने सरकार पर आशा कार्यकर्ताओं की अनदेखी का आरोप लगाया। कहा कि बार–बार आंदोलन के बाद भी उनकी आवाज को अनसुना किया जा रहा है। कलक्टेट में ब्लाक अध्यक्ष रुक्मणी जोशी एवं जिला उपाध्यक्ष हेमा जोशी के नेतृत्व में आशाओं ने प्रदर्शन किया।

आशाओं ने 12 सूत्रीय मांगे पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने का ऐलान किया। इस मौके पर पुष्पा बिष्ट, लक्ष्मी पांडेय, मीरा पंत, संगीता, उमा जोशी आदि मौजूद रहीं। एसडीएम कार्यालय परिसर लोहाघाट में आशा संगठन की जिलाध्यक्ष सरस्वती पुनेठा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। आशा वर्करों को सरकारी सेवक का दर्जा और न्यूनतम मानदेय 21 हजार करने, नियमित कर्मचारी का दर्जा देने, सेवानिवृत होने पर पेंशन का प्रावधान करने, कोविड कार्य में लगी सभी आशा वर्कर्स को दस हजार मासिक वेतन भत्ता भुगतान करने, पचास लाख का जीवन बीमा और दस लाख का स्वास्थ्य बीमा लागू करने, कोराना डयूटी में मृत आशा वर्करों के आश्रितों को पचास लाख का बीमा और चार लाख का अनुग्रह अनुदान भुगतान करने समेत 12 सूत्रीय मांगों को प्रमुखता से रखा गया।



सीएम ने शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री आवास स्थित गौशाला में गौ माता से आशीर्वाद लिया।

## करीब पांच माह बाद स्कूलों में फिर से आ गई है रौनक

**संवाददाता** रुद्रपुर। करीब पांच माह बाद स्कूलों में फिर से रौनक आ गई है। सुरक्षा के साथ कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यालय खुल गए हैं। विद्यार्थियों का प्रवेश से पहले गेट पर थर्मल स्क्रिनिंग करने के बाद प्रवेश दिया गया। मुख्य शिक्षा अधिकारी ने स्कूलों में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शिक्षकों को कोविड गाइडलाइन का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं।

कोविड–19 चलते लंबे समय से स्कूल बंद चल रहे थे। सोमवार से शासन के निर्देश पर इंटर कॉलेज खोलने की अनुमति मिलने के बाद कक्षा नौवीं से बारहवीं तक की कक्षाएं प्रारंभ हो गई हैं। विद्यालय खुलने के पहले कक्षा कक्षों को सैनिटाइज कराया गया



है। इसके अलावा शारीरिक दूरी का पालन के लिए बेंच और कुर्सियां दूर रखीं गई हैं। आदित्य नाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज, फाजलपुर श्री गुरु नानक बालिका इंटर कॉलेज, जनता इंटर कॉलेज सहित अन्य विद्यालयों में बच्चे सुबह आठ बजे से पहुंचने लगे। छात्रों ने लंबे समय के बाद स्कूल खुलने पर खुशी जाहिर की। एएन झा इंटर कॉलेज के छात्र अमन, विजय और शांतनू ने कहा कि कोविड–19 से बचाव की गाइडलाइन का पूर्ण पालन करेंगे, लेकिन विद्यालय खुले रहने चाहिए। विद्यालय बंद होने से पढ़ाई पर प्रभाव पड़ रहा है। आदित्य नाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य केके शर्मा ने बताया कि अभी चार घंटे कक्षाएं चलेंगी। सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक का समय निर्धारित किया गया है।

सीईओ रमेश चंद्र आर्य ने कहा कि हर हाल में कोविड से बचाव के लिए बताए गए निर्देशों का पालन करना होगा। स्कूल में हाथ धुलने की व्यवस्था, सैनिटाइजेशन, मास्क, थर्मल स्कैनिंग, शारीरिक दूरी का पालन सहित अन्य व्यवस्था निरीक्षण के दौरान दुरुस्त मिली है।

### डीआईटी विवि में ऑनलाइन काउंसलिंग आरम्भ

**संवाददाता** देहरादून। सीबीएसई और राज्य बोर्ड परीक्षाओं के 12वीं कक्षा के परिणाम घोषित होने से अभिभावकों और छात्रों ने राहत की सांस ली है। इसी बीच डीआईटी विवि 2021–22 सत्र में प्रवेश की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए, विश्वविद्यालय ऑनलाइन काउंसलिंग का आयोजन कर रहा है। आज दो अगस्त से यह प्रक्रिय आरम्भ हो गई है। योग्यता अंकों के आधार पर 7 अगस्त से सीटें आवंटित की जाएंगी। जानकारी देते हुए डीआईटी यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार वंदना सुहाग ने बताया कि दुनिया भर के छात्रों के लिए 2021–22 सत्र में प्रवेश की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए, विश्वविद्यालय ऑनलाइन काउंसलिंग का आयोजन कर रहा है। छात्र पंजीकरण करने और सत्र में भाग लेने के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जा सकते हैं। काउंसलिंग का प्रारंभिक चरण 2 अगस्त से 6 अगस्त तक चलेगा। अपनी मार्कशीट की प्रतीक्षा कर रहे छात्र भाग लेने के लिए पिछले साल की मार्कशीट अपलोड कर सकते हैं।